
# नशे के खिलाफ उतरेंगे कॉलेज के विद्यार्थी



XPOSE रिपोर्टर
xpose.bhopal@epatrika.com

नशा मुक्ति और इसके लिए जागरूकता के लिए युवाओं का सहारा लिया जा रहा है। शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनज़ीर में विद्यार्थियों के लिए इस संबंध में समझाइश दी गई। उन्हें बताया कि नशा करने वाला स्वयं के साथ परिवार और समाज का भी विनाश करता है। यहां अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निरोध दिवस मनाया गया। इस मौके पर हुई कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। यहां विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया। मेजर (डॉ.) संजय तेलंग ने कहा कि मादक पदार्थों से उत्पन्न सबसे गंभीर समस्या स्वास्थ्य की है। इसके साथ यह दूसरी समस्याओं का भी कारण बनता है। कार्यशाला में डॉ. राकेश सक्सेना ने कहा मादक द्रव्य का दुरूपयोग एक विकट समस्या हैं जो देश के भौतिक, सामाजिक, आर्थिक दशा को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन के तनाव और परेशानियों ने व्यक्तियों को मादक द्रव्य का आदी बना दिया है। इससे निपटने के समाज में जागरूकता लाना जरूरी है। कार्याक्रम में कॉलेज प्राचार्य डॉ. विभाग शुक्ला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।


"पत्रिका" - दि. 02.07.17

# कॉलेजों में प्राचार्य-स्टूडेंट्स ने किया पौधरोपण

भोपाल। हमीदिया कालेज में प्राचार्य पीके जैन के साथ वंदना सुराना, वंदना पांडे, दीपशिखा शेखर, जेके परवार, धर्मेंद पारे एनसीसी, आरएस नरवरिया ने पौधरोपण किया है। इसी तरह गीतांजलि कॉलेज में प्राचार्य मंजूला शर्मा ने पूर्व विधायक रमेश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि दीप्ती जैन के सथ मिलहर करीब 150 पौधे को रोपा। बेनजीर कॉलेज के नए भवन कोलार में प्राचार्य विभा शुक्ला सहित सभी प्रोफेसरों ने पौधरोपण किया। वहीं एमवीएम, स्टेट लॉ कालेज, नूतन कालेज, भेल और एमएलबी कालेजों में प्राचार्य, प्रोफेसर, छात्रों ने पौधा रोपण किया गया। निजी कालेजों में भी पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।


"प्रदेश टुडे" - दि. 02.07.17

# पर्यावरण बचाने का संकल्प



कोलार में स्थित बेनजीर कॉलेज के नवनिर्मित भवन के परिसर में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला और एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश सक्सेना, डॉ. एसके मल्होत्रा, डॉ. सरला पटेल, एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. संजय तेलंग, डॉ. सतीश कुमार, व स्टॉफ सहित एनसीसी के केडेट्स, एनएसएस के स्वयं सेवक एवं अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया। सभी विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण बचाने का संकल्प भी लिया गया।

"पीपुल्स समाचार" - दि. 03.07.17




शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनज़ीर, भोपाल के कोलार क्षेत्र में स्थित नवनिर्मित भवन के परिसर में, पौधारोपण के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

"राजएक्सप्रेस" - दि. 04.07.17

# विद्यार्थियों को संस्कारी बनाने संस्कार पाठ

## प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में गुरुवे नमः महोत्सव का आयोजन कल

विद्यार्थी जीवन कुछ सीखने का समय होता है जब विद्यार्थी स्कूल से या कॉलेज से नैतिक मूल्यों को ग्रहण करता है और आगे बढ़ता है। विद्यार्थी जीवन में नैतिकता को स्थापित करने वाली इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार ने गुरू पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में 10 जुलाई को गुरुवे नमः महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस महोत्सव के तहत प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजेस में संस्कार पाठ का आयोजन होगा। गुरुवे नमः महोत्सव पर राजधानी के प्रमुख सरकारी कॉलेज के प्रिंसिपल्स और प्रोफेसर्स से जाना कि आखिर क्या होगा इस संस्कार पाठ में और विद्यार्थियों को कैसे संस्कारित किया जा सकता है-




### बताया जाएगा जीवन में गुरु का महत्व



संस्कार पाठ केवल शिष्यों के लिए ही नही होगा बल्कि गुरूओं को भी कुछ संस्कारों का पालन करना होगा। छात्रों को गुरू का जीवन मे महत्व समझाने के साथ ही माता पिता की जीवन मे भूमिका और उनके प्रति हमारे कर्तव्यों को बताया जाएगा। जीवन मे संस्कारों के केवल पाठ से ही आदर्श स्थापित नही होते बल्कि जीवन मे इन.आदर्शों का पालन जरूरी है। जीवन मे नैतिकता, आदर्श, कर्तव्यों का पालन, नियमितता, सद्भाव का होना बेहद जरूरी है तभी जीवन सुचारू रूप से चल पाता है।

डॉ. विभा शुक्ला, प्रिंसिपल, बेनजीर कॉलेज

### गुरुजनों के सम्मान के साथ राष्ट्रगान भी होगा

कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन, गुरु-वंदना, प्रकोष्ठ गीत, प्राचार्य एवं इकाई समन्वयक द्वारा स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रुपरेखा पर प्रकाश, तिलक, माला, शॉल-श्रीफल इत्यादि से गुरुजनों का विद्यार्थियों द्वारा सम्मान, विद्यार्थियों द्वारा अज्ञान रूपी अमावस्या में ज्ञान प्रकाश रूपी पूर्णिमा है- गुरुदेव, विषय पर भाव-विचार अभिव्यक्ति, अतिथियों द्वारा आशीर्वचन, आभार-प्रदर्शन और राष्ट्रगान होगा।

### गुरु-शिष्य परंपरा पर सुबह 11 बजे होगा महोत्सव

विद्यार्थियों में अपने देश की गौरवशाली संस्कृति, संस्कार, परम्परा एवं नैतिक मूल्यों के अंकुरण के भाव जागृत करने, गुरु-शिष्य अन्तर संबंधों और गुरु की महत्ता को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से इस वर्ष 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में गुरुवे नमः कार्यक्रम होंगे। शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि एक साथ, एक ही समय पूर्वान्ह 11 बजे कार्यक्रम किया जाए। कार्यक्रम गुरु-शिष्य परम्परा के विषय पर हो और विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालयीन गुरुजनों का सम्मान किया जाए।

"हरिभूमी" - दि. 09.07.2017

# अंधकारपूर्ण जीवन में प्रकाश की ज्योति गुरू

● जागरण रिपोर्टर ●

महाविद्यालयों की युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण अपनी गौरवशाली परंपरा एवं संस्कारों को भूलते जा रहे हैं। विद्यार्थियों में अपने देश की गौरवशाली संस्कृति, संस्कार, परंपरा एवं नैतिक मूल्यों के अंकुरण के भाव जाग्रत करने एवं गुरू शिष्य अंतरसंबंधों एवं गुरू के महत्व को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से सोमवार को भोपाल के अनेक गवर्मेंट कॉलिजेज में सोमवार 'गुरूवे नमः' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सभी कॉलेज में व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया।

## अज्ञान के समान कोई शत्रु नहीं

सरोजनी नायडू कॉलेज की सेवानिवृत्त अतिरिक्त संचालक डॉ. सुधा सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि गुरू अंधकार पूर्ण जीवन में प्रकाश देता है। जीवन के अमावस को ज्ञान के पूनम से प्रकाशवान बनाता है। चाणक्य ने कहा है अज्ञान के समान कोई शत्रु नहीं है और गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि ज्ञान के पवित्र रत्न से बढ़कर कोई रत्न नहीं। ज्ञानी को किसी आभूषण की आवश्यकता नहीं।

**पांच 'ग', गाय, गंगा, गीता, गायत्री व गुरू का जाना महत्व**



## शिक्षकों को हुआ सम्मान

वहीं बेनजीर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला तथा समस्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 'गुरू-शिष्य परंपरा' विषय पर प्राचार्य ने अनूठी गुरू-शिष्य परंपरा के महत्व पर कबीर के सारगर्भित दोहों द्वारा प्रकाश डालते हुए इसके पुनर्जीवन पर मध्यप्रदेश शासन का आभार मानते हुए विद्यार्थियों को उत्प्रेरक उद्‌बोधन दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अशोक नेमा ने पांच 'ग' (गाय, गंगा, गीता ,गायत्री व गुरू) के महत्व के साथ ही दीक्षा, गुरू पूर्णिमा एवं गायत्री मंत्र के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

## भेंट किए तुलसी के पौधे

गीतांजली कॉलेज में मां सरस्वती की वंदना और तुलसी के पौधे को देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कु. शुभांगी शर्मा द्वारा मधुर स्वर में गुरूवंदना प्रस्तुत की। छात्राओं द्वारा व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के गीत 'नौजवान जिंदाबाद' की भी सुन्दर प्रस्तुत दी गई। वहीं प्राचार्य डॉ. मंजुला शर्मा का सम्मान भी किया गया।

"दैनिक जागरण" - दि. 11.07.2017

# पॉलीथीन ऐसा प्लास्टिक है, जो विघटित नहीं होता

जागरण रिपोर्टर। शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेनजीर में गुरुवार को एन.एस.एस. इकाई के द्वारा वातारण में ' पॉलीथीन के दुष्परिणाम' विषय पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इसमें प्राध्यापकों के द्वारा अपने व्याख्यानों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पॉलीथीन से होने वाले नुकसान व इसके पूर्ण प्रतिबंध पर जागृत किया गया। इस अवसर पर मेजर (डॉ.) संजय तेलंग ने कहा कि पॉलीथीन ऐसा प्लास्टिक है जो विघटित नहीं होता और लम्बे समय तक एक स्थायी अपशिष्ट बनकर भूमि की उर्वरता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। मवेशियों के पेट के अंदर पहुंचने के पश्चात यह उनके पाचन तन्त्र पर विपरित प्रभाव डालता है, जिससे कई बार पशुओं की मृत्यु भी हो जाती है।



**इस समस्या का निवारण आज के समय की मांग :** डॉ. एस.के.मल्होत्रा ने कहा कि ''पॉलीथीन '' के द्वारा उत्पन्न होने वाली प्रदूषण की समस्या का निवारण आज समय की मांग है। डॉ. राकेश सक्सेना के अनुसार पॉलीथीन ''स्वच्छता भारत अभियान'' की सफलता के रास्ते में बाधक है।

"दैनिक जागरण" - दि. 28.07.17

# पॉलीथीन ऐसा प्लास्टिक जो विघटित नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरूवार को शासकीय बेनजीर कॉलेज की एनएसएस इकाई ने 'पॉलीथीन के दुष्परिणाम' विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया, जिसमें प्राध्यापकों ने छात्र छात्राओं को पॉलीथीन से होने वाले नुकसान व इसके पूर्ण प्रतिबंध पर जाग्रत किया गया। इस अवसर पर मेजर (डॉ.) संजय तेलंग ने कहा कि पॉलीथीन ऐसा प्लास्टिक है जो विघटित नहीं होता और लम्बे समय तक एक स्थायी अपशिष्ट बन कर भूमि की उर्वरता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। डॉ. एसके मल्होत्रा ने कहा कि पॉलीथीन के द्वारा उत्पन्न होने वाली प्रदूषण की समस्या का निवारण आज समय की मांग है। डॉ. राकेश सक्सेना के अनुसार पॉलीथीन स्वच्छ भारत अभियान की सफलता के रास्ते में बाधक है। वहीं डॉ. सरला पटेल ने कहा कि कई बार वर्षा में पानी का इकट्ठा होना नालियों व पाइप लाइन में मौजूद पॉलीथीन के अवरोध के कारण होता है।

■ बेनजीर कॉलेज में पॉलीथीन पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए जागरूकता कार्यक्रम

"हरिभूमी" - दि. 28.07.17

# 'पॉलीथीन के दुष्परिणाम' को जाना स्टूडेंट्स ने

यंग रिपोर्टर ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेनजीर की एनएसएस इकाई के द्वारा वातारण में 'पॉलीथीन के दुष्परिणाम' विषय पर एक व्याख्यान माला का आयोजन गुरूवार को किया गया। जिसमें शिक्षकों के द्वारा अपनें व्याख्यान के माध्यम से छात्र-छात्राओं पॉलीथीन से होने वाले नुकसार व इसके पूर्ण प्रतिबंध पर जागृत किया गया। इस अवसर पर मेजर डॉ. संजय तेलंग ने कहा कि पॉलीथीन ऐसा प्लास्टिक है जो विघटित नहीं होता और लंबे समय तक एक स्थायी अपशिष्ट बन कर भूमि की उर्वरता पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। मवेशियों के पेट के अंदर पहुंचनें के पश्चात यह उनके पाचन तंत्र पर विपरित प्रभाव डालती हैं, जिससे कई बार पशुओं की मृत्यु भी हो जाती है। कार्यक्रम में डॉ. एसके मल्होत्रा ने कहा कि 'पॉलीथीन' के द्वारा उत्पन्न होने वाली प्रदूषण की समस्या का निवारण आज समय की मांग हैं।

" पीपुल्स समाचार" - दि. 28.07.17

# बेनजीर में सेमिनार का आयोजन



भोपाल ●. शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनजीर की एनएसएस इकाई के द्वारा वातारण में ' पॉलीथिन के दुष्परिणाम' विषय पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्राध्यापकों के द्वारा अपने व्याख्यानों के माध्यम से स्टूडेंट्स को पॉलीथिन से होने वाले नुकसान व इसके पूर्ण प्रतिबंध पर जागृत किया गया। इस अवसर पर मेजर(डॉ.) संजय तेलंग ने कहा कि पॉलीथिन ऐसा प्लास्टिक है जो विघटित नहीं होता और लंबे समय तक एक स्थायी अपशिष्ट बनकर भूमि की उर्वरता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। मवेशियों के पेट में पहुंचने के पश्चात यह उनके पाचन तंत्र पर विपरित प्रभाव डालता है। डॉ. एसके मल्होत्रा ने कहा कि 'पॉलीथीन' की समस्या का निवारण आज समय की मांग है।

" पत्रिका" - दि. 28.07.17

# 'पॉलीथीन के दुष्परिणाम' को जाना स्टूडेंट्स ने

यंग रिपोर्टर • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेनजीर की एनएसएस इकाई के द्वारा वातारण में 'पॉलीथीन के दुष्परिणाम' विषय पर एक व्याख्यान माला का आयोजन गुरूवार को किया गया । जिसमें शिक्षकों के द्वारा अपनें व्याख्यान के माध्यम से छात्र-छात्राओं पॉलीथीन से होने वाले नुकसार व इसके पूर्ण प्रतिबंध पर जागृत किया गया। इस अवसर पर मेजर डॉ. संजय तेलंग ने कहा कि पॉलीथीन ऐसा प्लास्टिक है जो विघटित नहीं होता और लंबे समय तक एक स्थायी अपशिष्ट बन कर भूमि की उर्वरता पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। मवेशियों के पेट के अंदर पहुंचनें के पश्चात यह उनके पाचन तंत्र पर विपरित प्रभाव डालती हैं, जिससे कई बार पशुओं की मृत्यु भी हो जाती है। कार्यक्रम में डॉ. एसके मल्होत्रा ने कहा कि 'पॉलीथीन' के द्वारा उत्पन्न होने वाली प्रदूषण की समस्या का निवारण आज समय की मांग हैं।

"पीपुल्स समाचार"- दि. 28.07.17

# बेनजीर में सेमिनार का आयोजन



**भोपाल** • शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनजीर की एनएसएस इकाई के द्वारा वातारण में ' पॉलीथिन के दुष्परिणाम' विषय पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्राध्यापकों के द्वारा अपने व्याख्यानों के माध्यम से स्टूडेंट्स को पॉलीथिन से होने वाले नुकसान व इसके पूर्ण प्रतिबंध पर जागृत किया गया। इस अवसर पर मेजर(डॉ.) संजय तेलंग ने कहा कि पॉलीथिन ऐसा प्लास्टिक है जो विघटित नहीं होता और लंबे समय तक एक स्थायी अपशिष्ट बनकर भूमि की उर्वरता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। मवेशियों के पेट में पहुंचने के पश्चात यह उनके पाचन तंत्र पर विपरित प्रभाव डालता है। डॉ. एसके मल्होत्रा ने कहा कि 'पॉलीथीन' की समस्या का निवारण आज समय की मांग है।

"पत्रिका"- दि. 28.07.17

# स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

**भोपाल.1 अगस्त.** मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेनज़ीर भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों के तत्वावधान में

1 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ हुआ. इस अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्टाफ व विधार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा व साथ ही श्रमदान का कार्य करवाया जाएगा. मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के प्रारंभ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला के द्वारा एनएसएस अधिकारियों,स्टाफ, स्वयं सेवकों व अन्य विधार्थियों को स्वच्छता शपथ दिलवाई गई.इसके पश्चात् आयोजित सेमिनार में एनएसएस अधिकारियों डॉ. गणेश प्रसाद यादव , डॉ. राकेश सक्सेना व डॉ. सरला पटेल ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला.

"नवभारत" - दि. 02.08.17

## एनएसएस ने स्वच्छता पखवाड़ें की शुरुआत की बेनजीर कॉलेज में

**सिटी रिपोर्टर |** शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनजीर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान शुरू किया गया। यह अभियान 15 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्टाफ व विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही श्रमदान का कार्य भी करवाया जाएगा। इस मौके पर कॉलेज की प्रिंसिपल विभा शुक्ला ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और अपने घर की तरह शहर को साफ रखने की बात कही।

"दैनिक भास्कर" - दि. 02.08.17



# लंबी कतार बनाकर लिया नदी बचाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को बेनजीर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों के द्वारा 'नदी जागरूकता अभियान' का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं नदी को जल प्रदूषण से बचाव एवं हरियाली के संबंध में बताया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला के नेतृत्व में हाथ उठाकर नदियों को बचाने के लिए प्रतिबद्धता एवं नदी जागरूकता अभियान के समर्थन का संकल्प भी लिया।

**बेनजीर कॉलेज में 'नदी जागरूकता अभियान'**

## मिस्ड कॉल देकर दिया समर्थन

प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला द्वारा नदी पर कविता का वाचन एवं देश की जीवनदायिनी नदियों के बचाव हेतु व्याख्यान भी दिया। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद यादव ने नदियों को जल प्रदूषण से बचाने के विभिन्न तरीकों का विस्तृत उल्लेख किया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. सरला पटेल ने विभिन्न नदियों के वनस्पति जगत, जन्तु जगत एवं मानव समाज के जीवन में उनकी अति महत्वपूर्ण भूमिका का बिंदुवार उल्लेख करते हुए कहा कि नदियों के संरक्षण को वर्तमान समय में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

"हरिभूमि" - दि. 02.09.2017




# पोस्टर व बैनर से दिया नदी जागरूकता का संदेश

भोपाल। बेनजीर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों के द्वारा 'नदी जागरूकता अभियान' के अंतर्गत नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं नदी को जल प्रदूषण से बचाव एवं हरियाली के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला के नेतृत्व में नदियों को बचाने के लिए प्रतिबद्धता एवं नदी जागरूकता अभियान के समर्थन का संकल्प लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद यादव ने नदियों को जल प्रदूषण से बचाने के विभिन्न तरीकों का उल्लेख किया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. सरला पटेल ने विभिन्न नदियों के वनस्पति जगत, जन्तु जगत एवं मानव समाज में अति महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख किया।

"पीपुल्स समाचार" - दि. 02.09.17



# नदियों को जल प्रदूषण से बचाने के तरीके बताए

**बेनजीर कॉलेज में नदी जागरूकता अभियान**

**भोपाल।** गुरुवार को सरकारी विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर बेनजीर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों के द्वारा नदी जागरूकता अभियान के अंतर्गत नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं नदी को जल प्रदूषण से बचाव एवं हरियाली के संबंध में जागरूकता लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ स्वयं सेवक एवं अन्य विद्यार्थियों ने प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला के नेतृत्व में हाथ उठाकर नदियों को बचाने के लिए प्रतिबद्धता एवं नदी जागरूकता अभियान के समर्थन का संकल्प भी लिया। प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला द्वारा नदी पर कविता का वाचन एवं देश की जीवनदायिनी नदियों के बचाव पर व्याख्यान भी दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद यादव ने नदियों को जल प्रदूषण से बचाने के विभिन्न तरीकों का विस्तृत उल्लेख किया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. सरला पटेल ने विभिन्न नदियों के वनस्पति जगत, जन्तु जगत एवं मानव समाज के जीवन में उनकी अति महत्वपूर्ण भूमिका का बिन्दुवार उल्लेख किया। उन्होनें कहा कि नदियों के संरक्षण को वर्तमान समय में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कॉलेज स्टाफ और 200 स्वयं सेवकों के द्वारा 800098009 पर मिस्ड कॉल देकर नदी जागरूकता अभियान को अपना समर्थन भी दिया।

"राज एक्सप्रेस" - दि. 02.09.2017

# छात्रों ने मतदान के लिए ली शपथ



**जागरण रिपोर्टर।** शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनजीर भोपाल में गुरुवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.विभा शुक्ला द्वारा समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं अन्य विद्यार्थियों को मतदान जागरूकता हेतु शपथ दिलवायी गई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारियों डॉ.जीपी यादव एवं डॉ.सरला पटेल द्वारा किया गया।

" दैनिक जागरण " - दि· 26·01·18

# मताधिकार का प्रयोग करने की दिलाई शपथ

भोपाल। बेनजीर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें की प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला ने प्राध्यापकों, कर्मचारियों व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों व अन्य विद्यार्थियों को मतदान जागरूकता के लिए शपथ दिलवाई। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारियों डॉ. जीपी यादव व डॉ. सरला पटेल ने किया। इस मौके पर मौजूद लोगों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाकर रखने और धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

"हरिभूमी"- दि. 28.01.18

**College Event**

# वित्तीय साक्षरता, डिजिटल बैंकिंग जागरुकता अभियान पर प्रतियोगिताएं

**सिटी रिपोर्टर** | राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल बैंकिंग जागरूकता अभियान का आयोजन इकाई स्तर पर स्वयं सेवकों द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के प्रयोजन से राज्य स्तर सम्मेलन का आयोजन 12 फरवरी को भोपाल में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनजीर, भोपाल में अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें स्लोगन प्रतियोगिता में टीकाराम लोधी प्रथम व रवि चौहान द्वितीय स्थान पर रहे।

इन प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले स्वयं सेवक जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस आयोजन में प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला, डॉ. संजय तेलंग एवं एनएसएस अधिकारियों जिसमें डॉ. राकेश सक्सेना, डॉ. जीपी यादव और डॉ. सरला पटेल सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

"दैनिक भास्कर" - दि. 11.02.2018

# गांव चलें हम...



## बेनजीर कॉलेज के छात्रों ने समझा गावों का रहन सहन

● जागरण रिपोर्टर ●

गांव का अंदाज, वहां का इतिहास, वहां की भौगोलिक स्थिति, संस्कृति और रहन-सहन के अलावा वहां की पंचायत और ग्रामीणों की दी जाने वाली सुविधाएं, इस सब को जानने के लिए शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्याल्य बेनजीर भोपाल के 40 छात्रों के दल ने नोडल अधिकारी डॉ. राकेश सक्सेना के मार्गदर्शन में 15 मार्च से चार दिवसीय शिविर में जिला हरदा की तहसील टिमरनी के ग्राम छिंदगांव तमोली में आयोजित ग्राम शिविर में भाग लिया। इस शिविर को विकासार्थ विद्यार्थी संगठन द्वारा 'अनुभुति गांव चलें हम' के स्लोगन के साथ आयोजित किया गया था।

इस शिविर के उद्देश्य के बारे में बात करते हुए प्रोफेसर संजय तेलंग ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में निवासरत विद्यार्थियों को ग्रामीण जीवन एवं संस्कृति से परिचय करवाना था।

शिविर के दौरान प्रत्येक दिवस में ग्रामीण परिवेश को इंगित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही बौद्धिक चर्चा, ग्राम चौपाल व ग्राम दर्शन आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा ग्राम से संबंधित भौगोलिक, ऐतिहासिक, पर्यावरणीय एवं ग्रामवासियों के द्वारा वर्तमान में उपयोग में लाई जा रही तकनीकों की जानकारी प्रास की गई।

" दैनिक जागरण " - दि. 21.03.2018

# जन स्वच्छता थीम पर एनएसएस कैम्प

**भोपाल** • विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेनजीर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवासीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का प्रारंभ गुरुवार को किया गया। ग्राम बेरखेडी बाज्याप्त में ऑर्गनाइज किया जा रहा यह शिविर डॉ. जीपी यादव, डॉ. राकेश सक्सेना व डॉ. सरला पटेल के मार्गदर्शन में हो रहा है। इस शिविर में छात्र स्वयंसेवकों के दल नायक रवि चौहान है एवं छात्रा स्वयंसेवकों की दल नायक दीपिका बाला हैं। इस कैम्प की थीम 'स्वास्थ्य, जनस्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य' पर आधारित है। इसमें वॉलेंटियर्स ग्रामीण जीवन एवं सांस्कृति की जानकारी लेंगे और रहन-सहन को समझेंगे। इस दौरान ग्राम निवासियों को बालिका बचाओ, प्रोढ़ सिक्षा, महिला सशाक्तिकरण, दहेज विरोध, एड्स जागरुकता, रोजगार के अवसर, बाल विवाह व अन्य स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों के प्रति भी जागरुक किया जाएगा।

"पत्रिका" - दि. 23.03.2018

# महिला सशक्तीकरण पर किया जागरूक

**सिटी रिपोर्टर** | शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेनजीर की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर हुजूर तहसील के ग्राम बेरखेड़ी में आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 'स्वास्थ्य, जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य' थीम पर आधारित है। इस दौरान बालिका बचाओ, प्रौढ़ शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, रोजगार के अवसर, बाल विवाह के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।

"दैनिक भास्कर" - दि. 25.03.2018

# एनएसएस कैडेट ने शिविर में सीखा योगाभ्यास

भोपाल, 27 मार्च. शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेनज़ीर की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाइयों के द्वारा संयुक्त रूप से तहसील हुजूर के ग्राम बेरखेड़ी बाज्याफत में 22 से 28 तक चल रहे सात दिवसीय शिविर में सभी गतिविधियां सफ लतापूर्वक संपन्न हुई हैं.



## बेनज़ीर कॉलेज का राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

28 को शिविर का समापन समारोह आयोजित किया जायेगा. शिविर के दौरान भाग ले रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवकों ने ग्रामीण परिवेश को जाना व समय सारणी के अनुसार सभी सामाजिक गतिविधियां व कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किये.

इस शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य, जनस्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य की थीम पर आधारित था शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रात: स्वयं सेवकों के द्वारा शारीरिक व्यायाम व योग किया गया व प्रतिदिन आयोजित बौद्धिक सत्र में आमंत्रित अतिथि वक्ताओं व बेनजीर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने महत्वपूर्ण भागीदारी की. स्वयं सेवको के द्वारा सोक्ता गड्ढे खोदे गये व सफाई हेतु श्रमदान किया गया.

## गांव में चलाया स्वच्छता अभियान

स्वयं सेवकों ने प्रतिदिन ग्रामीणों के निवास पर जाकर उनसे संपर्क किया व कई बिन्दुओं पर सर्वेक्षण किया. स्वयं सेवकों के द्वारा प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही ग्रामीणों हेतु कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रेषित की गई. स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छता व शिक्षा के महत्व को भी निरूपित किया. स्वयं सेवको ने ग्रामीणों को सामान्य रूप से होने वाली बीमारियों के कारणों को रोकने व उनके उपचार के संबंध में भी जानकारी दी. स्वयं सेवकों के द्वारा निवासों के शौचालयों का भी निरीक्षण किया गया व सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में शौचालयों का महत्व समझाया.

"नवभारत" - दि. 28.03.18

# ग्रामीणों को हेल्थ के प्रति किया जागरूक



भोपाल • शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनजीर की राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) की तीनों इकाइयों ने संयुक्त रूप से तहसील हुजूर के ग्राम बेरखेड़ी बाज्याप्त में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया। बुधवार को इसका समापन होगा। शिविर में भाग ले रहे कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण परिवेश को जाना व समय सारणी के अनुसार सभी सामाजिक गतिविधियां व कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए। इस शिविर का उद्देश्य स्वास्थ्य, जनस्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य की थीम पर आधारित था। शिविर में बौद्धिक सत्र का आयोजन भी किया गया। जिसमें आमंत्रित अतिथि वक्ताओं व बेनजीर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने भागीदारी की।

"पत्रिका" - दि. 28.03.18

06 नवदुनिया
भोपाल, बुधवार 28 मार्च 2018

## न्यूज गैलरी

# रासेयो शिविर : बेनजीर कॉलेज के स्वयं सेवकों ने खोदे सोख्ता गड्ढे, साफ–सफाई भी की

**भोपाल।** बेनजीर कॉलेज की दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तहसील हुजूर के ग्राम बेरखेड़ी बाज्याफ्त में 7 दिनी शिविर लगाया गया है। शिविर का बुधवार को समापन होगा। शिविर स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर आधारित हैं। स्वयं सेवकों द्वारा सोख्ता गड्ढे खोदे गए व साफ–सफाई के लिए श्रमदान किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्वच्छता व शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए सामान्य रूप से होने वाली बीमारियों के कारणों व उन्हें रोकने और उपचार की जानकारी दी। डॉ. संजय तैलंग ने बताया कि गांव वालों को अंधविश्वासों, बालिका बचाओ, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, परिवार नियोजन, दहेज विरोधी आदि विषयों पर भी जानकारी दी गई। (नप्र)



# बेनजीर में 'याद करो कुर्बानी' पखवाड़े पर गाए गए देशभक्ति गीत

भोपाल। शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेनजीर में मंगलवार को स्वतंत्रता पखवाडे के अंतर्गत याद करो कुर्बानी कार्यक्रम का आयोजन किया हुआ। कर्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित झंडा वंदन समारोह के साथ स्टाफ व विद्यार्थियों ने प्राभत फेरी भी निकली गई। पखवाड़े में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें समीर खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे स्थान पर दीपक मालवीय व तीसरे स्थान पर रोशनी सिंह रहीं। पखवाड़े में विद्यार्थियों हेतु आजादी के 70 वर्ष विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रेखा शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे व तीसरे स्थान पर उमाकांत जायसवाल व अच्युतानंद शुक्ला रहे।

## छात्र-छात्राओं ने किया निबंध प्रतियोगिता का आयोजन






" पीपुल्स समाचार" - दि. 24.08.2016




## याद करो कुर्बानी का समापन

शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनजीर में 9 से 23 अगस्त तक स्वतंत्रता पखवाड़े के अंतर्गत याद करो कुर्बानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वतंत्रता दिवस पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित झण्डा वंदन समारोह के पश्चात् स्टॉफ व विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाली. पखवाड़े में छात्र-छात्राओं हेतु देशभक्ति गीतों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें समीर खान प्रथम, दीपक मालवीय द्वितीय तथा रोशनी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं. पखवाड़े में विद्यार्थियों हेतु आजादी के 70 वर्ष विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रेखा शुक्ला प्रथम, उमाकांत जायसवाल द्वितीय तथा अच्युतानंद शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे. पखवाड़े के समापन पर प्राचार्य, स्टॉफ व विद्यार्थियों के राष्ट्रगान का गायन किया.

"नवभारत" - दि. 24.08.2016

## वार्षिक पत्रिका 'अनुपम' का विमोचन

युवा उत्सव के अंतिम दिन शासकीय बेनरजीर कॉलेज में विधायक एवं बेनरजीर कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा ने महाविद्यालय पधारकर विभिन्न शैक्षणिक प्रगतियों का जायजा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्या डॉ विभा शुक्ला एवं कॉलेज के स्टाफ द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से किया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष ने कॉलेज के प्राचार्या एवं स्टाफ की कलाकौशल एवं कार्यों की सराहना की। इस शुभावसर पर रामेश्वर शर्मा ने कॉलेज की वार्षिक पत्रिका अनुपम का विमोचन किया। इस अवसर पर जनभागीदारी के प्रभारी डॉ अशोक नेमा, डॉ असद अली, डॉ आशा वर्मा सहित समस्त स्टाफ एवं स्टूडेंट्स उपस्थित थें

"हरिभूमी" - दि. 09.09.16

सिटी-इवेंट

## बेनजीर कॉलेज में स्वच्छता अभियान दिवस मनाया

भोपाल। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य को शासकीय बेनजीर कॉलेज ने स्वच्छता अभियान दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला, स्टॉफ व छात्र छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय परिसर में सफाई कार्य भी किए गए। छात्रों को सम्बोधित करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला ने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि स्वच्छता का स्वास्थ्य से सीधा सम्बन्ध है व स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मन का वास होता है। वहीं बापू के जन्म दिवस और मोदी के स्वच्छता अभियान को सफल बनाते हुए महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने सफाई कार्य के अलावा 4 मप्र बटालियन एनसीसी के द्वारा आयोजित स्वच्छता का संदेश देंती रेली में भाग लिया। साथ ही महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में भागीदारी की।

"हरिभूमि" - दि. 04.10.16

# स्वच्छता अभियान के रूप में मनाया गांधी-शास्त्री का जन्मदिवस

भोपाल (आरएनएन)। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस को शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनज़ीर के स्टॉफ व छात्रों ने स्वच्छता अभियान के रूप में मनाया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला, स्टॉफ व छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई कार्य किया। प्राचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता का स्वास्थ्य से सीधा संबंध है। स्वास्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मन का वास होता है।इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने सफाई कार्य कर रैली में भाग लिया।

"राजएक्सप्रेस" - दि. 04.10.16

# व्यक्तित्व विकास के लिए छात्र-छात्राएं सीख रहे गुर

भोपाल। शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य बेनजीर कॉलेज में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 1 अक्टूबर से जारी ये कार्यशाला 14 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का आयोजन करने के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला ने इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों व आयोजक-शिक्षकों को कार्यशाला के सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने की शुभकामनाएं प्रेषित की।

**व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों पर की चर्चा:** इस कार्यशाला के अंतर्गत विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास संबंधी विभिन्न आयामों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जा रहें है व साथ ही साथ प्रयोगों व प्रश्नावलियों के माध्यम से सभी को जीवन में उपलब्ध होने वाले विभिन्न अवसरों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी के साथ व्यक्तित्व को निखारने का कार्यशाला द्वारा सफल आयोजन भी किया जा रहा हैं। कार्यशाला में डॉ. रजनी रैना, समिति के सदस्य डॉ. असद अली का सहयोग है।

" हरिभूमी" - दि. 09.10.2016

**व्यक्तित्व विकास कार्यशाला**

# हमेशा रहें जागरुक

● जागरण रिपोर्टर ●

शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, बेनजीर भोपाल में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। 14 अक्टूबर तक चलने वाली इस कार्यशाला में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विभा शुक्ला द्वारा इस कार्यशाला का उद्घाटन किया गया।

इस मौके पर विशेषज्ञों द्वारा कई प्रकार के व्याख्यान दिए गए। जिसमें उन्होंने बताया कि प्रयोगों व प्रश्नावलियों के माध्यम से सभी को जीवन में उपलब्ध होने वाले विभिन्न अवसरों के प्रति जागरूक रहना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर कार्यशाला में प्रोफेसर डॉ. असद अली डॉ और डॉ. सरला पटेल ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।

"दैनिक जागरण" - दि. 09.10.2016

# कैशलेस ट्रांजेक्शन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

भोपाल। शहर के बेनजीर कॉलेज में शुक्रवार को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा केशलेस ट्रांजेक्शन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण हेतु बैंकिंग सेक्टर के विषय विशेषज्ञों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। प्रशिक्षण में कॉलेज के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टॉफ के अलावा एनएसएस एवं एनसीसी तथा अन्य छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिजिटल ट्रांजेक्शन तथा केशलेस पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा नेट बैंकिंग , एसएमई, डेबिट कार्ड, आईएनएसटी, डिपाजिट कार्ड, कार्ड स्वेपिंग मशीन, एटीएम, बिजनेस डेबिट कार्ड ,सामान्य चालू खाता एवं एसएमई पॉवर पैक चालू खाता, आदि के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गई। दर्शकों ने कार्यक्रम के अंत में प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया।

"हरिभूमी"- दि- 17.12.2016

# महाविद्यालय की फीस ऑनलाइन होगी जमा

भोपाल, 16 जनवरी नभासं. शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय बेनज़ीर में सोमवार दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शैक्षणिक अशैक्षणिक स्टॉफ को वित्तीय साक्षरता के संबंध में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एस.के.मल्होत्रा द्वारा जानकारी दी गई. जिसमें मोबाईल एप (बडी, भीम) एवं इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट, क्रेडिट कार्ड आदि के उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई तथा विद्यार्थियों को यह जानकारी भी दी गई कि अगले सत्र से महाविद्यालय की फीस ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा की जायेगी.

## बैनेजीर ने समझाई कैशलेस की प्रक्रिया

कार्यक्रम के अन्त में छात्र-छात्राओं द्वारा कैशलेस ट्रान्जेक्शन से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए, जिनका समाधान स्टॉफ के द्वारा किया गया.

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला, डॉ. एसके मल्होत्रा, डॉ. राकेश सक्सेना व डॉ. सरला पटेल सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक विद्यार्थी व स्टॉफ उपस्थित रहे. इस कार्यक्रम में 50 से अधिक विद्यार्थी एवं स्टॉफ के लोग उपस्थित रहे.

" नवभारत " - दि. 17.01.2017

# बेनजीर में वित्तीय साक्षरता की दी जानकारी

भोपाल। सोमवार को शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय बेनजीर कॉलेज में दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं एवं शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टॉफ को वित्तीय साक्षरता के संबंध में **कार्यक्रम अधिकारी** डॉ. एसके मल्होत्रा द्वारा **जानकारी दी गई।** जिसमें मोबाइल एप (बडी, भीम) एवं **इंटरनेट बैंकिंग**, डेबिट, क्रेडिट कार्ड आदि के उपयोग के **संबंध में जानकारी दी गई** तथा विद्यार्थियों को यह **जानकारी भी दी गई कि अगले** सत्र से महाविद्यालय की फीस ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा की जावेगी।

**कैशलेस ट्रांजेक्शन से संबंधित पूछे कई प्रश्नः** कार्यक्रम **के अन्त में छात्र/छात्राओं** द्वारा कैशलेस ट्रांजेक्शन से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए, जिनका समाधान स्टॉफ के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला, डॉ. एसके मल्होत्रा, डॉ. राकेश सक्सेना व डॉ. सरला पटेल सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक विद्यार्थी व स्टॉफ उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी स्टॉफ एवं लगभग 50 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

"हरिभूमी"- दि. 17.01.2017

# समझा 'भीम' एप, अब कैशलेस ही जमा करेंगे अपनी फीस

**बेनजीर कॉलेज में डिजिटल बैंकिंग कार्यक्रम**

जासि। सोमवार को शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय बेनजीर भोपाल में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को वित्तीय साक्षरता के संबंध में एक डिजिटल बैंकिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मोबाईल एप (भीम) एवं इंटरनेट बैंकिग, डेबिट, क्रेडिट कार्ड आदि के उपयोग के संबंध में बताया गया और इसके उपयोगों को भी बताया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसके मल्होत्रा ने यह भी बताया कि अगले सत्र से महाविद्यालय की फीस ऑनलाइन माध्यम से ही जमा की जाएगी।

कार्यक्रम के अंत में छात्र/छात्राओं द्वारा कैशलेस ट्रान्जेक्शन से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए, जिनका समाधान स्टॉफ के द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. विभा शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

"दैनिक जागरण" - दि. 17.01.2017

## विद्यार्थियों ने पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

**भोपाल।** शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय बेनजीर द्वारा सूखी सेवनियां में एक से सात मार्च तक आयोजित किए गये राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच सुश्री भक्ति शर्मा, अध्यक्ष प्राचार्य डॉ विभा शुक्ला तथा विशेष अतिथि कापू शर्मा थे। इस शिविर में बेनजीर महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारियों डा राकेश सक्सेना, डा एसके मल्होत्रा व डा सरला पटेल सहित 150 स्वयं सेवक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

राजएक्सप्रेस - दि. 08.03.2017

# क्षमता पर बुरा असर डालता है नशा

## नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस

### कॉलेज में कार्यशाला

### नशा नाश का पर्याय है : डॉ . विभा शुक्ला

शासकीय विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेनज़ीर, महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निरोध दिवस'' मनाया गया .इस अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ . विभा शुक्ला, एनएसएस अधिकारी डॉ. राकेश सक्सेना एवं अन्य छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे .

कार्यशाला के प्रारंभ में डॉ. विभा शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि नषा नाष का पर्याय है उन्होंने छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने हेतु अव्हान किया. डॉ. एस.के. मल्होत्रा नें इस दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि व उद्देश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन और तस्करी निरोध दिवस का उद्देश्य समाज में मादक पदार्थो के सेवन और अवैध तस्करी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है. इस दिवस को पहली बार संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा द्वारा 1987 में मनाया गया था. मेजर संजय तेलंग ने कहा कि मादक पदार्थो से उत्पन्न सबसे गंभीर समस्या स्वास्थ्य समस्या है. इसके अलावा इसके अन्य हानिकारक दुश्प्रभाव जैसे आर्थिक क्षति, असामाजिक व्यवहार, चोरी, डकैती व हिंसा जैसे अपराध हैं साथ ही यह एक सामजिक कलंक है इसे व्यक्ति की समाज में दयनीय स्थिति हो जाती है.

"नवभारत" - दि. 27.06.17